ओ.पी.जिंदल मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता घरघोड़ा 2020'' का भव्य शुभारंभ

जेएसपीएल, फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार एवं आल स्टार क्लब घरघोडा द्वारा खेलों के विकास हेतु संयुक्त अभियान

»प्रतियोगिता का शानदार 36वॉ आयोजन

»कोविड 19 के नियमों मास्क, सेनीटाइजर की अनिवार्यता के मध्य वर्चस्व के लिए भिडेंगे क्रिकेट के दिग्गज

»पहले मैच में कोरबा ने रायगढ़ को 40 रनों से हराया

रायगढ़@किरणदूत



जेएसपीएल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार द्वारा प्रायोजित एवं आल स्टार क्रिकेट क्लब घरघोड़ा के तत्वाधान में 36वां 'ओ.पी.जिंदल मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता घरघोड़ा 2020-21 का भव्य शुभारंभ रमेश खेर जी, महाप्रबंधक, एनटीपीसी तिलाईपाली के मुख्य आतिथ्य में एवं आर.डी. कटरे, उपाध्यक्ष तेपीएल तमनार की अध्यक्षता एवं शिशु सिन्हा, अध्यक्ष, नगर पंचायत घरघोड़ा, शिव शर्मा, अध्यक्ष कांग्रेस घरघोड़ा मण्डल, राजेश रावत प्रबंधक, जेपीएल तमनार विनोद अग्रवाल, पूर्व खिलाड़ी एवं विभिन्न टीमों के खिलाड़ियों एवं प्रबुद्ध गणमान्य खेल प्रेमियों के गरीमामय विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। प्रतियोगिता में रायगढ़, बिलापुर, कोरबा जशपुर, सरगुजा जिलों के नामी गिरामी 16 टीमें दिग्गज टीमें शिरकत कर रही हैं।

इस अवसर पर कार्यक्रम को सर्वप्रथम सम्बोधित करते हुए शिशु सिन्हा, अध्यक्ष, नगर पंचायत घरघोड़ा ने अपने प्रतियोगिता के विभिन्न संघर्ष के पश्चात् इस पड़ाव पर पहुचने के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की वहीं युवावस्था एवं अतीत को स्मरण करते हुए इस प्रबतियोगिताके आयोजन के पृष्ठभूमि पर भी प्रकाश डाला। उन्होनें इस प्रतियोगिता को क्षेत्र व छत्तीसगढ़ राज्य का यह ड्यूज बाल से खेली जाने वाली सब से प्रमुख प्रतियोगिता बताया। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों की सुप्रसिद्ध टीमें शिरकत करती हैं और अपने शानदार खेल से क्षेत्र वासियों का स्वस्थ मनोरंजन करती हैं। उन्होनें इस इस भव्य प्रतियोगिता का प्रायोजित करने के लिए जेएसपीएल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार एवं सहयोग के लिए एनटीपीसी तिलाईपाली को साधुवाद दिया। इसी क्रम में शिव शर्मा ने ऑल स्टार क्रिकेट क्लब घरघोड़ा के प्रबंधन एवं जेएसपीएल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार द्वारा प्रायोजित 36वां आयोजन को सराहनीय बताया और खिलाड़ियो से आग्रह किया कि वे बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर युवा खिलाड़ियों के समक्ष उदाहरण प्रस्तुत करें। पूर्व दिग्गज खिलाड़ी विनोद अग्रवाल ने प्रतियोगिता में भाग ले रहे खिलाड़ियों से कहा कि वे प्रतियोगिता में अपने खेल भावना का परिचय देते हुए इस भव्य आयोजन को सफल बनावें। प्रतियोगिता को उन्होनें युवाओं के लिए एक शानदार मंच बताया। राजेश रावत ने अपने सम्बोधन में जेएसपीएल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार के द्वारा खेलों के विकास मे संचालित कार्यक्रमों एवं योजनाओं के बारे में बताया एवं संस्थान को खेलों के सर्वांगीण विकास के सदैव समर्पित बताया। कार्यक्रम के अध्यक्ष आर.डी.कटरे ने अपने सारगर्भित सम्बोधन में आल स्टार क्रिकेट क्लब के शानदार प्रबुधन को अभूतपूर्व बताया एवं समिति की भूरीभूरी प्रसंशा करते हुए प्रतियोगिता के आयोजन को क्षेत्रवासियों एवं खिलाड़ियों के लिए वरदान बताया। उन्होनें इस प्रतियोगिता के सफलता का सम्पूर्ण श्रेय आल स्टार क्रिकेट क्लब घरघोड़ा को दिया व कहा कि आयोजन समिति के समस्त सदस्यों का जुनून व जज्बे का ही परिणाम है कि यह भव्य प्रतियोगिता ने सफलता पूर्वक लम्बी यात्रा तय कर अपने 36 पड़ाव में पहुँच गई है।